पोस्टर का किया विमोचन

गंगापुर सिटी । मां गुमानो बीजासणी देवी सेवा समिति के तत्वाधान में जाने वाली 19वीं पदयात्रा के पोस्टर का विमोचन समिति कार्यालय पर अध्यक्ष महेश शर्मा, महामंत्री गोपाल सोनी, मंत्री नरेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष श्याम बाबू गुप्ता, पूर्व कैशियर ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष दिनेश धौलेटा, विष्णु चौबे, राजेन्द्र खिडखिडा, सतीश गुप्ता सहित कार्यकारिणी सदस्यो ने किया।

पदयात्रा संयोजक हरकेश पटवारी ने बताया कि पदयात्रा की तेयारिया समिति की ओर से जोर शोर से की जा रही है। माता रानी के सभी भक्तो से घर घर सर्म्पक कर पदयात्रा में चलने का आग्रह किया जा रहा है।

पदयात्रा 10 सितम्बर मंगलवार भादवा सूदी सप्तमी को दोपहर 2 बजे पुरानी अनाज मण्डी स्थित सीताराम जी के मंदिर से रवाना होगी। पदयात्रा का पहला पडाव कुडगांव में होगा। दूसरा पडाव दिन में कैलादेवी एंव रात्री में लकरूकी पर रहेगा एवं तीसरा पडाव दिन में ठाकूर बाबा व रात्री में मां गुमानो भवन पर होगा जहां पर विशाल भण्डारा व जागरण का आयोजन किया जायेगा।

समिति कार्यकारिणी सदस्यो ने सभी माता रानी के सभी भक्तो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पदयात्रा में चलने का आहान किया है।

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ फंड से संवेदनशील जगहों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे'

धौलपुर, । जिला स्तरीय महिला समाधान समिति, वनस्टॉप सेंटर प्रबंधन समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं आईएम शक्ति उड़ान योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित की गई।

बैठक में जिला कलक्टर द्वारा जिले के चार पुलिस सर्किलों पर स्थित महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों का कार्यकाल पूर्ण होने पर पुन: प्रस्ताव आमंत्रित करने के निर्देश महिला अधिकारिता विभाग को दिए गए।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों के संचालन की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर द्वारा निर्देश दिये गए पुलिस द्वारा पति पत्नी के झगड़ों के मामलों में राजीनामा के प्रयास के साथ-साथ गंभीर मामलों में एफआईआर की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जानी चाहिये। महिला थाना धौलपुर स्थित केंद्र की मरम्मत भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत करवाने के निर्देश दिये गए। वन स्टॉप सेंटर की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलक्टर द्वारा प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय धौलपुर के माध्यम से बीमार महिलाओं के लिए अविलम्ब एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत नवाचार की पहल करते हुए आवंटित फंड से संवेदनशील जगहों पर पुलिस विभाग के माध्यम से सीसीटीवी कैमरे लगवाकर उन्हें अभय कमांड से जोड़े जाने के निर्देश दिए गए, जिससे महिला अपराधो पर नकेल कसने में पुलिस को सहायता मिल सके। साथ ही शिक्षा विभाग के चार एवं समाज कल्याण एवं टीएडी के एक-एक बालिका छात्रावासों में उक्त फंड से बेटी पुस्तकालय बनवाये जाएंगे। आईएम शक्ति उड़ान योजनान्तर्गत समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर द्वारा सीईओ जिला परिषद को फर्म के माध्यम से नियमानुसार सप्लाई एवं वितरण सुनिश्चित करने, फर्म द्वारा रूट चार्ट भेजे जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उनके द्वारा सभी विभागों को मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप मासिक एवं पाक्षिक निरीक्षण कर गूगल फॉर्म पर रिपोर्ट दर्ज करने तथा 15 अगस्त तक 2023-24 के तृतीय चरण तक की सप्लाई का पूर्ण वितरण सुनिश्चित कर महिला अधिकारिता विभाग को अवगत कराने के निर्देश दिये गए। उनके द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं अन्य सभी वितरण केन्द्रों पर उड़ान योजना की जानकारी, सम्पर्क सूत्र, शिकायत की प्रक्रिया आदि का सहज दृश्य स्थल पर अंकन 20 अगस्त तक सुनिश्चित के निर्देश जारी किया गए। योजना में भ्रष्टाचार एवं अनियमितता में लिप्त पाए जाने पर कार्मिको पर सख्त कार्यवाही के भी निर्देश दिए गए। सहायक निदेशक विश्व देव पांडेय द्वारा विभागीय प्रगति की रिपोर्ट समिति के समक्ष रखते हुए 100 दिवसीय संकल्प अभियान के तहत आयोजित की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में सिटी सीओ तपेन्द्र मीणा, सीएमएचओ जयंती लाल मीणा, सीडीईओ दाऊदयाल शर्मा, उपनिदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग, प्राचार्य पीजी कॉलेज गिर्राज मीणा, डीईओ प्रारम्भिक महेश अग्रवाल, एडीईओ रोहित बिष्ट, एपीसी विशाल गुप्ता, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रखी शर्मा, एएसआई रामकेश, पीसीपीएनडीटी समन्वयक पंकज शुक्ला, एमएसएसके काउंसलर करुणा शर्मा, संजू गुर्जर, फराह खान, प्रज्ञा बैसला, भावना शर्मा, संध्या भारद्वाज, आरती भारद्वाज, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी रितु सक्सेना, जेंडर स्पेशलिस्ट कनुप्रिया कौशिक, सहायक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य, नरेन्द्र मीणा आदि उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय महिला समाधान समिति, वनस्टॉप सेंटर प्रबंधन समिति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की बैठक आयोजित की गई।

हनुमान मंदिर प्रांगण में हुई पार्थिव शिवलिंग पूजा

भरतपुर (निस)। महारानी श्री जया राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हनुमान मंदिर प्रांगण में सावन माह में पार्थिव शिवलिंग पूजा का आयोजन किया गया।

भक्त जनों ने पवित्र कच्ची मिट्टी से शिवलिंग स्थापित कर मंत्रोच्चारण के साथ इन्हें गंगाजल, पंचामृत दूध, दही, घी, शक्कर और शहद से स्नान कराकर विधि विधान के साथ इनमें प्राण प्रतिष्ठा की गई।

इन शिवलिंगों की चंदन, रोली, अक्षत, फल, फूल, बिल्व पत्र, नैवेद, घी, कपूर यज्ञोपवीत आदि से पूजा की गई। मंदिर के महंत आचार्य डॉ ताराचंद शर्मा ने कहा कि सनातनी शास्त्रों में पार्थिव शिवलिंग पूजा सबसे शुभ, पवित्र एवं दिव्य मानी जाती है। मान्यता है कि शिव भगवान हर कण में विद्यमान हैं। ये आशुतोष हैं जो शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों का कल्याण करते हैं। महाविद्यालय मंदिर समिति के सदस्य प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार गुप्ता ने बताया की अनेक जोड़ो एवं भक्तों ने पार्थिव शिव पूजा की। उन्होंने बताया कि कलियुग में कुष्मांड ऋषि के पुत्र मंडप ऋषि ने पार्थिव पूजा का प्रारंभ किया। उन्होंने कहा कि इसका शिव पुराण में भी उल्लेख है। उन्होंने बताया कि इस पूजा से धन-धान्य, आरोग्य और मनोकामना पूरी होती है। वहीं व्यक्ति को मानसिक एवं शारीरिक कष्टों से भी मुक्ति मिल जाती है। आचार्य इंदु शेखर शर्मा का मानना है की पार्थिव शिवलिंग पूजन विश्व रूपी शिव का पूजन है। यह बहुत ही शुभ मानी गई है जो कल्याणकारी एवं मनोकामना प्रदान करती हैं।

धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध

हिंडौन सिटी । ग्राम पंचायत जटवाड़ा के गाँव नांगल दुर्गसी में जनता जल योजना के तहत हो रहे टंकी के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री की उपयोग करने एवं धीमी गति से निर्माण कार्य करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

ग्राम पंचायत जटनागला सरपंच रामरती देवी सहित ग्रामीण सोनू, भीम सिंह व कलुआ आदि ने आरोप लगाते हुए कहा है कि ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगों की पेयजल समस्या का समाधान करने हेतु राज्य सरकार की ओर से जनता जल योजना के तहत एक टंकी व पाइपलाइन स्वीकृत हुई। आरोप लगाते हुए कहा है की टंकी का निर्माण कार्य लगभग डेढ़ वर्ष से चल रहा है जो अभी तक पूरा नहीं किया गया है ।

वही निर्माण करने में घटिया सामग्री का भी उपयोग किया जा रहा है । । इस मामले में ठेकेदार व विभाग के अधिकारियों पर मिलीभगत का भी आरोप लगाया है। ठेकेदार और विभाग अधिकारियों की लापरवाही ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। गांव वालों को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करवाने की मांग की है और चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य गति से शुरू नहीं किया गया और गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो भी बड़ा आंदोलन करेंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर संभागीय आयुक्त की ओर से की गई जनसुनवाई में भी अवगत करा दिया गया है।

ग्रामीणों ने धीमी गति से निर्माण कार्य करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।

नरेन्द्र बैंसला अध्यक्ष नियुक्त

करौली (नि.स.)। करौली के पाँचना बाँध पर्यटन विकास समिति के नरेन्द्र बैंसला अध्यक्ष और अश्विनी पाराशर महामंत्री नियुक्त किये गये है।

करौली जिले की पहचान व पाँच नदियों के संगम पर सुरम्य,प्राकृतिक वातावरण के बीच बने पाँचना बाँध को पर्यटन केन्द्र घोषित कराने व पाँचना बाँध का पर्यटन स्थल के रुप में विकास कराने के लिये बनी पाँचना बाँध पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष पद पर नरेन्द्र बैंसला पप्पू कप्तान और महामंत्री पद पर अश्विनी पाराशर को नियुक्त किया गया है।

पाँचना बाँध पर आयोजित हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में एडवोकेट उधौसिंह जादौन, कन्हैया लाल शर्मा, भरोसी लाल स्वर्णकार, महेशबाबू गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, बॉबी राजावत सहित प्रमुख नागरिक उपस्थित रहे।

करोडों का बजट आने के बाद भी नहीं हो रहा गायों का रखरखाव सही

गंगापुर सिटी । नगर परिषद क्षेत्र गंगापुर सिटी में संचालित लगभग सात गौशालाएं हैं जिनमें करोडों का बजट आता है मगर फिर भी गोवंश सडकों पर कचरा और पन्नियेलियां खाती हुई नजर आती है। गौ सेवा समिति जिला अध्यक्ष गोविंद नारायण शर्मा ने बताया कि इतनी गौशालाएं संचालित होने पर भी गाय भूखी प्यासी इधर-उधर घूमती रहती है। सरकार द्वारा बजट आने के बावजूद भी भामाशाहों से भी दान समय-समय पर लिया जाता है। इतना बजट और अनुदान आने के बाद यह बजट कहां जाता है और किस मद में खर्च होता है इन गौशालाओं में सरकार से अनुदान भी प्राप्त होता है और भामाशाह समय-समय पर लाखों का दान देकर गौ सेवा करते हैं लगभग 2 करोड रुपए का बजट गायों के नाम पर इस वर्ष आ चुका है फिर भी गोवंश कचरे के ढेर में कचरा खाता नजर आता है शहर के जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिकों का कहना है की शहर में गौशाला के नाम पर जो गौशाला समितियां बनी हुई है वह अपना संचालन को सुचारू रूप से नहीं कर रही है वह गौशालाओं में गोवंश को उचित सुविधाएं व व्यवस्थाएं नहीं मिल पा रही हैं नगर परिषद क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को गौशालाओं में लेने से इनकार किया जा रहा है गौशाला में गोवंश को नहीं लेंगे तो गौशालाएं किस काम की गौशालाएं गौ माता के लिए बनी हुई है गौशालाओं में जितनी अधिक गोवंश होगा उतना ही अधिक अनुदान भी मिलेगा इतना ही नहीं कई गोवंश तो दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं और जब कोई ऐसा मामला सामने आता है तो गौशाला सदस्य खडे भी नहीं दिखते कई बार तो आवारा बेसहारा गोवंश नगर के बच्चों महिलाओं एवं वृद्धो को जख्मी तक कर देते हैं ऐसी दुर्घटनाएं आए दिन देखने को मिलते हैं जागरूक नागरिकों की एवं समस्त गौ सेवक लोगों की मांग है कि गंगापुर सिटी के सभी गोवंश को नगर में संचालित गौशालाओं में भेजा जाए एवं गोवंश को सुरक्षा एवं संरक्षण प्रदान किया जाए और सभी नगर परिषद क्षेत्र में संचालित गौशालाओं को हिदायत दी जाए कि अपनी गौशालाओं में नगर परिषद क्षेत्र की दुर्घटनाग्रस्त गायों को लिया जाए।

भारत न्याय तिरंगा यात्रा निकाली

धौलपुर । अगस्त क्रांति दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को जिला कांग्रेस सेवादल धौलपुर द्वारा प्रात:काल तिरंगा पदयात्रा निकाली गयी जिसमे मुख्यातिथि कांग्रेस सेवादल धौलपुर प्रभारी श्रीमती प्रतिभा नुवाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवादल धौलपुर जिलाध्यक्ष श्रीमती समृद्धि दीक्षित ने की तिरगां पद यात्रा धौलपुर में स्थित गांधी पार्क से मैंन बाजार पुरानी सब्जी मंडी हनुमान तिराहे से गांधी पार्क में राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ

इस मौके पर धौलपुर प्रभारी प्रतिभा नुवल ने कहा - भाजपा सरकार की तानाशाही और देश को तोड़ने वाली नीतियों के खिलाफ़ निकाली जा रही भारत न्याय तिरंगा यात्रा लोकतंत्र और भाईचारे की रक्षा के लिए मील का पत्थर साबित होगी देश मे बढ़ती हुई मंहगाई ओर बेरोजगारी के लिए सरकार से हम सब मिल कर लड़ाई लगेंगे ओर इस मौके पर जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने कहा देश के साथ मोदी सरकार अन्याय कर रही है युवाओं के साथ किसानों के साथ आज देश का लोकतंत्र उद्योगपति के हाथों की कठपुतली बन चुका है अभी हाल ही में राजस्थान विधानसभा से लाडनूं। विधायक मुकेश भाकर की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गयी खिलाड़ियों के साथ मोदी सरकार ने राजनीति करके विनेश फोगाट भारत की बहादुर बेटी है। विनेश ने 4 बार की विश्व चैंपियन को मात दी। अब वो फाइनल में पहुंच गईं तो उनका 100 ग्राम वजन ज़्यादा बता दिया गया ओर उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया भारत की बेटी फाइनल में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने जा रही थी ।

सार-समाचार

आरोपी नसरूद्दीन गिरफ्तार

भरतपुर (निस)। रूपवास थाना पुलिस ने वृत्ताधिकारी रूपवास से प्रकरण में कार्यवाही करवाने के नाम पर परिवादी से रूपये ऐंठने वाले आरोपी नसरूद्दीन खॉ को गिरफ्तार किया। पीडित से ऐंठे गये 62000 रूपयों को आरोपी के कब्जे से बरामद किया। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना बृजेन्द्र सिंह एवं वृत्ताधिकारी वृत रूपवास श्वेता पाठक के निकटतम सुपरवीजन में थानाधिकारी रूपवास लखन खटाना मय जाप्ता द्वारा कार्यवाही करते हुए प्रकरण में कार्यवाही करने के एवज में परिवादी से रूपये ऐंठने के आरोपी नसरूददीन खॉ पुत्र कन्हैया खॉ उम्र 35 साल जाति मुसलमान निवासी दौरदा थाना रूपबास को गिरफ्तार किया गया है। 8 अगस्त .2024 को परिवादी धर्मसिंह निवासी दौरदा से आरोपी नसरूददीन खॉ पुत्र कन्हैया खॉ उम्र 35 साल निवासी दौरदा थाना रूपबास द्वारा धोखाधडी करके प्रकरण में वृत्ताधिकारी वृत रूपवास से कार्यवाही कराने की एवज में 62000 रूपये ऐंठे गये थे। जिसकी सूचना परिवादी ने स्वंय सीओ कार्यालय में उपस्थित होकर दी थी। जिस पर वृत्ताधिकारी वृत रूपवास श्वेता पाठक ने थानाधिकारी रूपवास लखनसिंह खटाना को त्वरित कार्यवाही कर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकरण करने और अभियुक्त पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये थे। जिस पर मामले में तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त नसरूददीन खॉ पुत्र कन्हैया खॉ उम्र 35 साल को प्रकरण में गिरफतार किया जाकर अभियुक्त नसरूददीन द्वारा ऐंठी गई रकम 62000 रूपये को उसके कब्जे से बरामद किया गया।

परामर्श शिविर का आयोजन

भरतपुर (निस)। डॉ. कुसुम शर्मा हॉस्पीटल कैम्पस गोपालगढ भरतपुर में 10 अगस्त 2024 को प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक निसंतान्ता एवं आईवीएफ परामर्श शिविर का आयोजन किया जावेगा। डायरेक्टर डॉ. कुसुम शर्मा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ने बताया कि इस शिविर में जिन भी दम्पत्ति को बच्चा होने में किसी भी प्रकार की दिक्कत आ रही है, जिन महिलाओं को बच्चेदानी की रसोली, फैलोपियन ट्यूब ब्लॉक, बच्चेदानी में टीबी, बार बार गर्भधारण होने के पश्चात भी गर्भपात होना, अधिक उम्र होने पर महीना न आना या फिर संतान न होना, एक बार संतान होने पर दोबारा गर्भ धारण न होना, दो या तीन बार आईयूआई कराने पर भी असफलता मिलना, अनियमित माहवारी या अण्डों का नहीं बनना एवं समय पर नहीं फूटना और पुरूषों में शुक्राणु में कमी होना आदि किसी भी समस्या के कारण माता पिता बनने के सुख से वंचित रह गये हैं उन्हें संतान उत्पत्ति के लिए सही मार्गदर्शन दिया जायेगा। शिविर में जयपुर के प्रसिद्ध डॉक्टर निशांत दीक्षित द्वारा निसंतान्ता एवं आईवीएफ के मरीजों के लिए प्रत्येक माह की 10 तारीख को परामर्श दिया जावेगा।

आदिवासी दिवस मनाया

हिंडौन सिटी । आदिवासी दिवस पर ग्राम पंचायत इरनिया के राजीव सेवा केन्द्र पर शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ग्रामीण बच्चों और पुरुषों द्वारा आदिवासी वेशभूषा की सजीव झांकी दिखाते हुए आदिवासी सभ्यता और उनके रहन सहन से परिचय कराया। कार्यक्रम में लोगों ने पौधारोपण भी किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता घनश्याम मीना ने बताया कि बच्चों द्वारा आदिवासी जीवन पर झांकी दिखाकर उनकी सभ्यताओं से परिचय कराया। जिसे देख सभी ने सराहना की। झांकियों के माध्यम से दर्शाया कि आदिवासी वन्य व पशु प्रेमी होते है। इस अवसर पर सरपंच रेखा जाटव, पटोंदासरपंच हरिसिंह मीना, डॉ. नमोनारायण मीना, डॉ. रेवतीलाल कोली, रामहंस मीना गांवड़ी, जमनालाल, कमलराम मीना, जसराम मीना, हरिराम मीना, सुआलाल मीना, कुंजीलाल मीना, बलवीर सिंह, गणेश, हरकेश, अमरसिंह, भूमि, सुरज्ञान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता मीना, हेमा देवी मीना, कल्ला, अशोक जाटव समेत ग्रामीण महिला पुरुष और आदिवासी युवा नेता घनश्याम इरनिया मौजूद रहे।

पुस्तक का विमोचन किया

भरतपुर (निस)। स्वदेशी जागरण मंच जिला भरतपुर द्वारा कार्यक्रम प्रो राजकुमार मित्तल (अखिल भारतीय सह संयोजक स्वदेशी जागरण मंच) द्वारा लिखित पुस्तक जैविक उद्यिमता 37 करोड़ स्टार्टअप की पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम समिधा भवन जवाहर भरतपुर में आयोजित हुआ। जिला सह प्रचार प्रमुख शुभनेस पाराशर एडवोकेट ने बताया कार्यक्रम में मुख्य वरूप के रूप में संघ विभाग प्रचारक उत्कर्ष रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ विभाग संघचालक भागीरथ सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम में विषय की प्रस्तावना विभाग संयोजक सतीश दीक्षित ने रखी। मुख्य वक्ता उत्कर्ष ने कहा कि संघ के पांच प्रण में स्वदेशी पर जोर दिया तथा हमें नौकरी मांगने की बजाय नौकरी देने बाला बनना चाहिए। उत्कर्ष ने कहा कि कई युवा नौकरी की तैयारी में कई कई वर्ष लगा देते हैं साथ में धन का व्यय व्यर्थ जाता है। इसके बावजूद सफलता की गारंटी नहीं होती इसलिए हमें समय व धन की बर्बादी न करके हमें स्वरोजगार से जुड़कर देश के विकास में भागीदार बनना चाहिए। कार्यक्रम में रमेश बघेल, विनीता सिंह, शुभनेस पाराशर एडवोकेट, सौरभ शर्मा, सौरभ सिंह, लाखन सिंह, मोहन रारह, भीम सिंह, प्रेम सिंह आर्य, सुरेश कुंतल, रामनरेश राठौर, दीनदयाल शर्मा, अनिल भारद्वाज, दिलीप सिंह, चन्द्र किशोर भारद्वाज, शिवचरण, सत्येन्द्र, राकेश शर्मा, दीपक प्रजापति, बृजभूषण शर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खनन क्षेत्र में किया पौधारोपण

रूपवास। उपखंड के खनन क्षेत्र में गुरुवार को उमेश कुमार क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण व बालचरन सिंह कनिष्ट अभियंता पर्यावरण की मौजूदगी में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 250 पौधे लगाये गए। पूर्व अध्यक्ष अमरसिंह अंधाना ने बताया कि पर्यावरण मंत्रालय के अधिकारियों ने पर्यावरण को बचाने की बात कहते हुए खनन इलाको में पेड़ लगाने की बात कही।

वार्षिक कार्यशाला आयोजित

धौलपुर, । महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार आयोजित 100 दिवसीय संकल्प अभियान अंतर्गत जिले में आयोजित किये जा रहे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सप्ताह का आयोजन महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र सरमथुरा की वार्षिक कार्यशाला के कन्हैया पैलेस, पुलिस थाने के पास, सरमथुरा में आयोजित किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के सौजन्य से पुलिस थाना सरमथुरा में संचालित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र को श्याम शिक्षा समिति धौलपुर द्वारा संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए सहायक निदेशक विश्व देव पांडेय द्वारा घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम के साथ आईएम शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना की जानकारी देते हुए अधिकाधिक महिलाओं को शिक्षा सेतु एवं अन्य विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किये जाने की अपील की। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र जादौन ने अवगत कराया कि ब्लॉक शिक्षा विभाग सभी विद्यालयों में आंतरिक समितियों का गठन किया गया है एवं उनके द्वारा शिक्षा सेतु योजना में विभाग का पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस थाना सरमथुरा के एसएआई लाखन सिंह द्वारा महिला सुरक्षा सखियों को उनके कर्तव्य और हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में बताया। जेंडर स्पेशलिस्ट कनुप्रिया कौशिक द्वारा नवीन क्रिमिनल लॉज और 100 दिवसीय संकल्प अभियान की जानकारी दी। एमएसएसके काउंसलर प्रीति द्वारा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की कार्य प्रणाली समझाई गयी। कार्यक्रम का संचालन काउंसलर एडवोकेट करुणा शर्मा द्वारा किया गया। इंदिरा महिला शक्ति केंद्र धौलपुर की काउंसलर मंजू सेंगर द्वारा आईएम शक्ति निधि योजनान्तर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग की काउंसलर शाहिदा बानो, रचना, सरमथुरा एवं बसेडी ब्लॉक की साथिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं, एसएचजी की महिलाएं, महिला कांस्टेबल, स्थानीय महिलाएं, आदि उपस्थित रही।

निरीक्षण किया

धौलपुर, । जिले में जारी भारी बारिश के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने शहर के प्रभावित जल भराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने रेल्वे स्टेशन, हरदेव नगर चौराहा, जगन तिराहा, ज़िरोली फाटक, मचकुंड रोड सहित अन्य जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने नगर परिषद को जल भराव क्षेत्रों में जल निकासी की समस्या के तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये को राहत पहुंचाने के लिए भी निर्देशित किया।

अगस्त क्रान्ति पर क्रान्तिकारी बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित

क्रान्तिकारी बलिदानियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

भरतपुर (निस)। अगस्त क्रान्ति की 82वीं वर्षगांठ पर श्री हनुमान मंदिर भूरी सिंह व्यायामशाला पर देश को आजादी दिलाने वाले राष्ट्रिपता महात्मा गांधी, शहीद सरदार भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरू, नेताजी सुभाषचंद बोस क्रान्तिकारी बलिदानियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उन्हें राष्ट्रीय तिरंगे झण्डे से सलामी दी गई। राष्ट्र ध्वज फहराया गया। ध्वज गीत का गायन हुआ व भरतपुर जिला कांग्रेस सेवादल द्वारा 'न्याय तिरंगा यात्रा का शुभारम्भ किया गया। कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक व जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुन्नी कप्तान की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता उस समय के युवा छात्र नेता पंडित रामकिशन ने सन 1942 से सन 1947 तक के राजनीतिक संस्मरण सुनाए व कहा कि अब समय बदल गया है वर्तमान सरकारों को किसानों की फसल की राशि, बेरोजगारों को रोजगार पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए व पानी की समुचित प्रबंध करना होगा। व पार्टी संगठन से जुडे कार्यकर्ताओं को पार्टी संगठन में महत्व मिलना चाहिए। गोष्ठी में विचार प्रकट करने वालों में प्रदेश कांग्रेस महासचिव धर्मेन्द्र शर्मा, साहब सिंह एडवोकेट, सेवादल प्रभारी मोहम्मद सुलेमान फारूखी धौलपुर, योगेश सिंघल, सेवादल के नरेन्द्र चौधरी पार्षद, हरीचरन मुदगल, बृजेश शर्मा, सूरज बघेल, भगवान कोली डीग, विनय रूदावल, शहर कांग्रेस के अवधेश शर्मा, जीवनलाल शर्मा, विष्णु शर्मा, रमेश पाठक, संजय चंदेला, किशन जायसवाल, केदारनाथ पाराशर, रिटा प्राचार्य, अशोक शर्मा, मुन्ना खान, राशिद खान धौलपुर, आदित्य त्रिगुणायत, नवल सिंह काका, दिनेश सोगरवाल जघीना, जुगल वशिष्ट, ओमप्रकाश ठाकुर, साहिद खान, रमेश सतीजा, अर्जुन मलाह, श्याम सुन्दर कुशवाह मौजूद रहे। अंत में राष्ट्रगान हुआ व दो मिनट का मौन रखकर देश के स्वतंत्रता सैनानियों, क्रान्तिकारी बलिदानियों के अमर रहे के नारे लगाए गए।

25 सूत्रीय मांगों को लेकर जागृति यात्रा कार्यक्रम संपन्न

भरतपुर (निस)। प्रदेश पदाधिकारियों के नेतृत्व में 25 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर जागृति यात्रा भरतपुर में 9 अगस्त को एसबीके राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पहुंची।

जिलाध्यक्ष होतीलाल जैमन ने बताया कि प्रांतीय संरक्षक तथा जागृति यात्रा कार्यक्रम के संयोजक अशोक पाराशर, प्रदेश संरक्षक श्याम सिंह जघीना, पवन शर्मा अतिरिक्त प्रदेश महामंत्र,बदन सिंह मीणा प्रदेश उपाध्यक्ष जागृति यात्रा के तहत भरतपुर में एसबीके राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रात: 10रू00 बजे पहुंचे और मीडिया के समक्ष 25 सूत्रीय मांग पत्र पर जिसमें शिक्षकों के सभी कैडर की मांग को शामिल किया गया है तथा इस मांग पत्र पर यदि प्रभावी कार्यवाही राज्य सरकार द्वारा नहीं होती है तो इस संबंध में संघर्ष कमेटी के माध्यम से आंदोलन की रूपरेखा तथा 12 सितंबर को जयपुर में होने वाली विशाल रैली के विषय में मीडिया के समक्ष विस्तार से वार्ता की। जागृति यात्रा के संयोजक तथा सदस्यों द्वारा 12 सितंबर को जयपुर में निकाली जाने वाली रैली में अधिक से अधिक संख्या में सदस्यों के पहुंचने हेतु आहान किया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रमुख प्रांतीय पदाधिकारी पुरुषोत्तम लाल पाराशर, उषा देवी उपस्थित थे।

विश्व आदिवासी दिवस मनाया

करौली (नि.स.)। करौली कैलादेवी सडक मार्ग स्थित मामचारी गाव में विश्व आदिवासी दिवस पर आदर्श हथाई आदिवासी गार्डन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान गांव के पंच पटलो द्वारा बिरसा मुंडा के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित रहे कि मेरे अभिभाष्य मदन लाल पुत्र नन्द लाल निवासी नजदीक भगत सिंह सर्किल, ग्राम पोस्ट, सीकरी, तहसील नगर जिला भरतपुर का पुत्र प्रवीन और पुत्रवधू सुमन मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है और उनका आचरण सही नहीं और मेरे अभिभाष्य को बहुत परेशान करते हैं इसलिए मेरा अभिभाष्य उन्हें अपनी चल एवं अचल सम्पत्ति के अधिकारों से वंचित करता है। मेरे अभिभाष्य का पुत्र प्रवीन और पुत्रवधु सुमन से कोई संबंध नहीं रहा है कोई भी व्यक्ति भविष्य में मेरे अभिभाष्य के पुत्र प्रवीन और पुत्रवधु सुमन से कोई लेनदेन या संव्यवहार एव संबंध रखता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
स्थान-भरतपुर (तरूण खत्री) एडवोकेट
दिनांक-08.08.2024 मो.नं. 9785205502

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति मासलपुर जिला (करौली)

क्रमांक:-पंसमा./लेखा/निविदा/2024-25/210 दिनांक: 2.8.2024

निविदा सूचना

पंचायत समिति मासलपुर में PMAY योजनान्तर्गत बोलरो वाहन किराये पर उपलब्ध कराने बावत दर अनुबन्ध करने एवं फोटो स्टेट कार्य एवं मत्स्याखेट की अनुज्ञा देने के लिए अनुभवी फर्मों/प्रतिष्ठित फर्मों/प्रतिष्ठित संस्थाओं एवं इच्छुक व्यक्तियों से खुली निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

निविदा बेचना की अन्तिम दिनांक व समय	निविदा जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय	निविदा खोलने की दिनांक व समय
13.08.2024 दोपहर बाद 2.00 पीएम तक	14.08.2024 दोपहर बाद 12.00 बजे तक	14.08.2024 दोपहर बाद 2.00 पीएम तक

निविदा का विवरण sppp.raj.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN,S-NIT No.	UBN'S
9-	ZKR2425SSRC00151
10-	ZKR2425SSRC00152
11-	ZKR2425SSRC00153

(मोहनलाल शर्मा, RRDS)
विकास अधिकारी
पंचायत समिति मासल